शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा, रायपुर (छ.ग.)

यूथ रेड क्रास (Youth Red Cross)
सत्र 2021–22

महाविद्यालय में पंजीकृत यूथ रेड क्रास सत्र 2017–18 से कार्यरत है। सत्र 2021–22 के लिए प्राचार्य की अध्यक्षता में यूथ रेड क्रास समिति का गठन किया गया। जिसमें प्राचार्य अध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक, क्रीडा अधिकारी, एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी सदस्य है। साथ ही वाणिज्य, कला एवं विज्ञान संकाय से एक–एक छात्रा प्रतिनिधि शामिल है। रेड क्रास यूनिट द्वारा सत्र में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

- सत्र के प्रारंभ में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को यूथ रेड क्रास के उद्देश्य कार्य एवं वार्षिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

- दिनांक 19.01.2022 को रेड क्रॉस का यूनिट द्वारा ''प्राथमिक चिकित्सा (First Aid) प्रशिक्षण'' कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया। जिसमें श्री बाल मुकुन्द दुबे, प्रोग्राम ऑफिसर फर्स्ट एड ट्रेनर, इडियन रेड क्रास सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर द्वारा प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जिसमें बताया गया कि किसी व्यक्ति को चोट लगने, दिल का दौरा पड़ने, मधुमक्खी या सांप के काटने अथवा इलेक्ट्रानिक करंट लगने जैसी समस्या पर किस तरह से प्राथमिक सहायता प्रदान कर पीड़ित व्यक्ति को राहत पहुंचायी जा सकती है। व्याख्यान में 100 से अधिक छात्र–छात्रायें गूगल मीट एवं यू टयूब लिंक के माध्यम से जुड़कर लाभान्वित हुए।

- दिनांक 29.01.2022 को रेड क्रॉस यूनिट एवं वाणिज्य विभाग द्वारा छात्र–छात्राओं के लिए कोविड–19 के दौरान मानसिक स्वास्थ्य विषय पर ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. उषा किरण अग्रवाल प्रोफेसर (मनोविज्ञान) शास. डी.बी. गर्ल्स पी.जी कॉलेज काली बाड़ी रायपुर (छ.ग.) द्वारा बताया कोविड से उत्पन्न परिस्थिति ने जिस तरह से सभी को तनाव ग्रस्त किया है उससे हम कैसे बाहर आ सकते है। व्याख्यान में 100 से अधिक छात्र–छात्रायें गूगल मीट एवं यू टयूब लिंक के माध्यम से जुड़कर लाभान्वित हुए।

- उपरोक्त कार्यक्रमो को कराए जाने के साथ की रेडक्रास यूनिट महाविद्यालय में साफ – सफाई, कोविड – 19 नियमों के पालन, पालीथिन फ्री वातावरण बनाए जाने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

प्रभारी रेड क्रॉस
(डॉ. सुनीता दुबे)

प्राचार्य
शास पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय
धरसींवा, रायपुर (छ.ग.)